53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 19.8°c अधिकतम 34.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:54, सूर्यास्त - 6:45 | वर्ष : 53/ अंक : 102 | सोमवार, 14 अप्रैल 2025 | वैशाख, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जीवन का हर दिन सर्वश्रेष्ठ होता है, क्योंकि कोई भी दिन वापस लौटकर नहीं आता।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

आधा सच बताने की बीमारी से ग्रस्त हैं सपा बहादुर श्री अखिलेश यादव : केशव प्रसाद मौर्य



नेता होने के नाते आपको उपचार में उनकी मदद करनी चाहिए.......

# जिन्होंने डाला था युवती के बुर्के पर हाथ, पुलिस ने तोड़ी उनकी लात

## बुलेटिन पर चली वीडियो अगले दिन बनी नेशनल चैनलों की सुर्खियां

**मुजफ्फरनगर, 13 अप्रैल (बु.)।** बालाजी यात्रा के दिन शनिवार को मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा सोशल मीडिया पर युवती से बदसलूकी व मारपीट का एक वीडियो वायरल किया गया था। बालाजी यात्रा के चलते उक्त मामले को दबाने की कोशिश की गयी, मगर जब वीडियो जमकर वायरल हुआ तो पुलिस पूरी तरह से हरकत में आ गयी। दरअसल खालापार थाना क्षेत्र के मोहल्ला तकिया कुरैशियान निवासी एक युवती स्मॉल फाइनेंस कम्पनी में कलेक्शन एजेंट का काम करती है। इसी कम्पनी से जुड़े शामली जिले के थानाभवन थाना क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर का निवासी एक युवक भी इस कम्पनी में कार्यरत है। युवती शनिवार शाम को युवक के साथ बाइक पर सुजडू से एक महिला से कलेक्शन करके वापस लौट रही थी, तभी युवती व युवक को खालापार की दर्जीवाली गली के सामने 8-10 युवकों ने घेर लिया और दोनों के नाम पूछकर दोनों को एक बैट्री की दुकान में ले गए, जहां युवती का वीडियो बनाया गया और



उसका बुर्का उतारने का प्रयास करते हुए दोनों से मारपीट की गयी। वीडियो में तालीबानी अंदाज में जमा मुस्लिमों की भीड़ बार बार एक ही बात कहती दिख रही थी कि युवती की असलियत सामने आनी चाहिए। इसके बाद भीड़ को जमा देखकर वहीं के कुछ जिम्मेदार लोग पहुंचे और उन्होंने युवक व युवती को उनके हमले से बचा लिया। शनिवार रात ही वीडियो देखने के बाद पुलिस को मुकदमा दर्ज करना पड़ा और वीडियो के आधार पर पुलिस ने युवकों की पहचान की और रविवार को ताबड़तोड़ दबिश देकर छह आरोपियों उमर, अर्श, शादाब, शोएब, सरताज, शमी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। सभी को सोमवार को जेल भेज दिया जायेगा। देर शाम पुलिस द्वारा एक वीडियो जारी की गयी, जिसमें जिन युवकों ने युवती के बुर्के पर हाथ डालने की कोशिश की थी और उसके साथ मारपीट व बदसलूकी की थी, वे छह युवक पुलिस की वीडियो में लंगड़ाकर चलते दिखाई दिये। वीडियो में ऐसा लग रहा है कि मानों युवकों को पोलियो जैसा कुछ हो गया हो। पुलिस से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में युवती व युवतियों के साथ अभद्रता की कोई माफी नहीं दी जाएगी और उनके साथ ऐसा ही बर्ताव किया जायेगा। किसी को कानून हाथ में लेने का हक नहीं मिलेगा।



# एटूजेड कॉलोनी के बाद अब बचन सिंह कॉलोनी में घर के बाहर बैठी विवाहिता

**मुजफ्फरनगर, 13 अप्रैल (बु.)।** लगभग दस दिन पहले बुढ़ाना की एक विवाहिता एटूजेड कॉलोनी में अपने ससुराल के बाहर आकर बैठ गयी थी। विवाहिता का फैसला होने के बाद आज एक और मामला बुढ़ाना की रहने वाली महिला का इसी तरह का सामने आया। बुढ़ाना की शिप्पू नाम की महिला बचन सिंह कॉलोनी में बैंक मैनेजर अंकित शर्मा के घर के बाहर घर में एंट्री करने की जिद पर बैठ गयी। महिला द्वारा आरोप लगाया कि प्रेम विवाह रचाने वाले बैंक मैनेजर अंकित शर्मा उससे पीछा छुड़ाकर तीसरी शादी करने का ताना-बाना बुन रहा है। महिला का कहना है कि जब तक उसे ससुराल में एंट्री नहीं मिलेगी, तब तक वह बाहर ही अपनी बच्ची के साथ धरने पर बैठी रहेगी। बैंक मैनेजर अंकित शर्मा के घर के बाहर रविवार को खूब हंगामा चलता रहा। दरअसल हंगामा करने वाली बुढ़ाना की शिप्पू नाम की महिला खुद को अंकित शर्मा



की बीवी बता रही है। उसका कहना था कि वह अंकित शर्मा के साथ फाइनेंस कंपनी में काम करती थी। पहली बीवी से तलाक होने के बाद अंकित ने तीन साल पहले उससे कोर्ट मैरिज कर ली थी, जिससे उनकी डेढ़ साल की बेटी है। शादी के बाद से दोनों किराए का कमरा लेकर रह रहे हैं। बीते कुछ समय से अंकित शर्मा के व्यवहार में अचानक बदलाव आ गया। कई दिन पहले अंकित मारपीट करने के बाद अपने घर आकर रहने लगा है। महिला का आरोप है कि अंकित अब एक अन्य लडकी से तीसरी शादी करना चाहता है, इसलिए मारपीट कर उससे पीछा छुडाना चाहता है।




# एक ही नाम, एक ही दिन जन्म, दुःखद हादसे में एक साथ मौत

**शामली, 13 अप्रैल (बु.)।** कुदरत भी कुछ किस्से बड़े अजीबो गरीब लिखता है। रविवार को शामली के शांतिनगर के रहने वाले तुषार नाम के दो युवकों का ऐसा ही एक अजीबो गरीब किस्सा सामने आया। दरअसल शनिवार को दोनों दोस्तों ने मुजफ्फरनगर की ऐतिहासिक शोभा यात्रा देखने का मन बनाया और दोनों मोटर साइकिल पर सवार होकर शामली से मुजफ्फरनगर के लिए चल दिए। मगर दुर्भाग्य की बात यह रही कि शामली निवासी दोनों दोस्तों के साथ पानीपत-खटीमा हाईवे पर लालूखेड़ी के पास दोनों के साथ एक दर्दनाक हादसा हुआ। जब दोनों दोस्त तितावी थाना क्षेत्र के धौलरा के शेरे पंजाब ढाबे के निकट पहुंचे तो तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि दोनों बाइक सवार युवक सड़क पर ही लहूलुहान हालत में गिर गए। दोनों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जब दोनों मृतक युवकों के बारे में जानकारी हासिल की तो मृतकों की





पहचान शामली के शांति नगर निवासी तुषार (21) पुत्र अमित और तुषार (20) पुत्र मनोज के रूप में हुई है। इत्तेफाक की बात यह है कि दोनों युवकों का नाम तुषार था और दोनों युवकों का जन्म एक ही दिन हुआ था और दोनों की एक ही दुर्घटना में एक साथ ही मौत हो गयी। इस अजीबो गरीब इत्तेफाक की चर्चा होती दिखाई दी कि ऐसा किस्सा तो शायद ही पहली बार सुना होगा कि कोई एक साथ जन्मा और एक साथ ही दोनों ने दम तोड़ दिया। दोनों दोस्तों की मौत की सूचना जब परिवार को पहुंची तो दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर उसी अनुसार कार्यवाही की जाएगी। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखकर आरोपी ट्रैक्टर चालक को पकड़ा जाएगा। तहरीर मिलने पर उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जम्मू हवाई अड्डे पर यूएवी दुर्घटना में घायल वायुसेना कर्मी की मौत

**जम्मू, 13 अप्रैल (वार्ता)** जम्मू हवाई अड्डे के तकनीकी क्षेत्र में एक यूएवी के दुर्घटनाग्रस्त होने से गंभीर रूप से घायल हुए भारतीय वायु सेना के एक कर्मी की मौत हो गई है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कठुआ जिले के नायक सुरेन्द्र कुमार के रूप में पहचाने गए भारतीय वायुसेना कर्मी को गुरुवार को गंभीर चोटें आई थीं। हादसे का शिकार हुआ यूएवी भारतीय सेना का माना जा रहा है और तकनीकी हवाई अड्डे के उच्च सुरक्षा क्षेत्र के भीतर स्थित वायुसेना के एक टावर से टकरा गया। उन्होंने कहा, "घायल कर्मी ने शुक्रवार रात को दम तोड़ दिया।" उन्होंने बताया कि यूएवी आतंकवाद विरोधी अभियान के लिए क्षेत्र की टोह लेने के लिए एक परिचालन मिशन पर था। पुलिस ने कहा, "घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच कार्यवाही शुरू कर दी गई है।"

## युवक का मिला शव, हत्या की आशंका

**रतनपुरी, 13 अप्रैल (बु.)।** रतनपुरी थाना क्षेत्र में रामपुर कांटे के समीप सड़क पर बाइक सवार युवक का शव मिला है। परिजनों ने हत्या के बाद शव को सड़क पर फेके जाने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम पर भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी शिवम पुत्र अजीत बड़सू गांव में होटल पर कारीगर था। शुक्रवार की रात को होटल बंद कर अपने साढू गौरव को बाइक से कैलाश नगर छोड़ने गया, उसके बाद देर रात तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने शिवम की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान सूचना मिली कि रामपुर काटे के समीप सड़क पर शिवम का शव पड़ा हुआ है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने शिवम की हत्या के बाद शव को सड़क पर फेके जाने की आशंका जताई है। बताया कि शिवम की बाइक बडसू में एक दुकान के पास क्षतिग्रस्त खड़ी मिली है। उसके जूते करीब 500 मीटर दूर सड़क पर मिले। पुलिस घटना को हादसा मान रही है, जबकि परिजन हत्या के बाद शव को सड़क पर फेके जाने के आशंका जता रहे हैं। बताया गया है कि शिवम की शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी उसके दो बच्चे भी हैं। परिजनों का रो-रोकर होकर बुरा हाल हो गया है।

## भतीजे के प्यार में पिघली 'बुआ', आकाश आनंद की हुई घर वापसी

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल (एजेंसी)।** मायावती के भतीजे आकाश आनंद एक बार फिर बीएसपी में शामिल हो गए हैं। रविवार को उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बसपा और मायावती से माफी की गुहार लगाई थी। अपनी भतीजे की सॉरी को बुआ मायावती ने स्वीकार कर लिया और उन्हें पार्टी में शामिल कर एक बार फिर मौका दिया है। रविवार को अपने ट्वीट में मायावती ने कहा कि आकाश ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है, ऐसे में उन्हें एक और मौका दिया जा रहा है। बीएसपी नेता आकाश आनंद की घर वापसी हो गई है। अपने भतीजे आकाश आनंद को बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी में वापस ले लिया है। आपको बता दें कि कुछ माह पूर्व हुए लोकसभा चुनाव में बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनन्द को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया था, जिसके बाद आकाश आनन्द ने बेहुदे ब्यान भी दिये थे। इस पर कार्यवाही करते हुए मायावती ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था मगर आज रविवार को आकाश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट कर मायावती से माफी मांगी, जिसके बाद मायावती ने उन्हें माफ करते हुए पार्टी में दोबारा शामिल कर लिया है। मायावती ने ट्वीट कर अपने भतीजे की माफी को स्वीकार करते हुए बुआ मायावती ने उन्हें माफ कर दिया है। रविवार को अपने ट्वीट में बसपा सुप्रीमो ने कहा श्री आकाश आनन्द द्वारा एक्स पर आज अपने चार पोस्ट में सार्वजनिक तौर पर अपनी गलतियों को मानने व सीनियर लोगों को पूरा आदर-सम्मान देने के साथ ही अपने ससुर की बातों में आगे नहीं आकर बीएसपी पार्टी व मूवमेंट के लिए जीवन समर्पित करने के मद्देनजर इन्हें एक और मौका दिए जाने का निर्णय लिया है।








